प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

9 जुलाई 2026

## 10 जुलाई 2026 को ₹32,000 करोड़ की सरकारी प्रतिभूति की बिक्री के लिए हामीदारी नीलामी

भारत सरकार ने **10 जुलाई 2026 (शुक्रवार)** को आयोजित की जाने वाली नीलामी के माध्यम से निम्नलिखित विवरण के अनुसार सरकारी प्रतिभूति की बिक्री (पुनर्निर्गम) की घोषणा की है।

दिनांक 14 नवंबर 2007 को अधिसूचित वर्तमान हामीदारी वचनबद्धता योजना के अनुसार, प्रत्येक प्राथमिक व्यापारी (पीडी) के लिए लागू न्यूनतम हामीदारी वचनबद्धता (एमयूसी) और अतिरिक्त प्रतिस्पर्धात्मक हामीदारी (एसीयू) नीलामी के अंतर्गत न्यूनतम बोली वचनबद्धता की राशियाँ निम्नानुसार हैं:

(₹ करोड़)

| प्रतिभूति | अधिसूचित राशि | प्रत्येक पीडी के लिए एमयूसी राशि | प्रत्येक पीडी के लिए अतिरिक्त एसीयू नीलामी के अंतर्गत न्यूनतम बोली वचनबद्धता |
|---|---|---|---|
| 6.36% जीएस 2031 | 21,000 | 500 | 500 |
| 7.71% जीएस 2066 | 11,000 | 262 | 262 |

हामीदारी नीलामियां **10 जुलाई 2026 (शुक्रवार)** को एकाधिक मूल्य आधारित पद्धति का उपयोग करते हुए आयोजित की जाएंगी। प्राथमिक व्यापारी (पीडी) एसीयू नीलामी के लिए अपनी बोलियां भारतीय रिज़र्व बैंक के कोर बैंकिंग समाधान (ई-कुबेर) प्रणाली का उपयोग करते हुए इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में हामीदारी नीलामी के दिन **पूर्वाह्न 09:00 से पूर्वाह्न 09:30** के बीच प्रस्तुत कर सकते हैं।

हामीदारी कमीशन, प्रतिभूति को जारी करने की तारीख को भारतीय रिज़र्व बैंक में संबंधित प्राथमिक व्यापारी के चालू खाते में जमा किया जाएगा।

**अजीत प्रसाद**
उप महाप्रबंधक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2026-2027/631**